हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, गुरुवार 11 जून 2026

14 लोक साहित्य किसी भी समाज की सांस्कृतिक...



14 साइबर अपराध से लोगों की सुरक्षा पुलिस की पहली...



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के दो आरोपियों से ₹1.25 लाख बरामद

**बरवाला।** साइबर हेल्प डेस्क, बरवाला ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में धोखाधड़ी करके ऐंठी गई संपूर्ण राशि बरामद कर ली है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को जांच में शामिल करके उनसे यह राशि बरामद की। साइबर हेल्प डेस्क बरवाला ने एक मामले की जांच करते हुए बधावड़ गांव निवासी नवीन को जांच में शामिल करके उसके कब्जे से 70 हजार रुपये बरामद किए। इसके अलावा बधावड़ गांव के ही दीपक को जांच में शामिल करके उससे 55 हजार रुपये बरामद किए गए। साइबर हेल्प डेस्क बरवाला की टीम द्वारा की गई तत्पर कार्रवाई के परिणामस्वरूप पीड़ित की पूरी धनराशि वापिस मिल गई।

### 46 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया आरोपी

**हिसार।** मंगाली चौकी प्रभारी एएसआई विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उससे 46 ग्राम हेरोइन व 1420 रुपये ड्रग्स मनी बरामद की है। आरोपी की पहचान हनुमानगढ़ जिले के साहूवाला गांव निवासी मोहित उर्फ जग्गी के रूप में हुई है, जिसे हरिकोट क्षेत्र से काबू किया गया। आरोपी पर आजाद नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### अवैध हथियार सप्लाई के आरोपी को जेल भेजा

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस की टीम ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भिजवाया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के घड़साना निवासी कार्तिक के रूप में हुई है। इस संबंध में मुख्य सिपाही सुरेन्द्र की शिकायत पर पिछले साल 9 जुलाई को अग्रोहा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी कार्तिक को संबंधित न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर मुकदमा में विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### रास्ता रोककर मारपीट में आरोपी गिरफ्तार

**बरवाला।** बरवाला पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट व गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ब्यानाखेड़ा निवासी अशोक के रूप में हुई है। इस संबंध में ब्यानाखेड़ा निवासी रामप्रसाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 5 जून को आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की, उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। केस दर्ज करके जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अशोक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर झगड़े में प्रयोग की गई लोहे की पाइप बरामद की गई है।

### घर में घुसकर मारपीट करने में एक दबोचा

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने व संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करके वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर व जेली बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान खैरी गांव के रामभगत के रूप में हुई है। इस संबंध में खैरी निवासी रामकिशन ने शिकायत दी थी कि गत 25 मई को आरोपी उसके घर के सामने आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोपी नैतिक ट्रैक्टर लेकर आया तथा ट्रैक्टर से घर के गेट को तोड़ने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व जेली से हमला कर दिया, जिससे शिकायतकर्ता तथा उसके रिश्तेदार दीपक को चोटें आईं। घटना के दौरान घर पर ईंट-पत्थर भी फेंके गए तथा आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई सुभाष ने आरोपी रामभगत को गिरफ्तार किया है।

## जनस्वास्थ्य विभाग ने विस्तृत कार्य योजना पर किया काम शुरू


# चानौत, खरकड़ी व महजत को भाखड़ा नहर से मिलेगा पर्याप्त स्वच्छ पेयजल

- चानौत गांव को मिलेगी 10 इंची स्वतंत्र जलापूर्ति पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चानौत, खरकड़ी तथा महजत गांवों में दीर्घकालिक और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत भाखड़ा नहर से पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत परियोजना तैयार की गई है, जिस पर कार्य भी शुरू हो चुका है। परियोजना पूरी होने के बाद इन तीनों गांवों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा और ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

नई योजना के तहत खरकड़ी पंप हाउस से खरकड़ी गांव के जल घर तक 8 इंची पाइपलाइन तथा इसके बाद खरकड़ी से महजत गांव तक 6 इंची जल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाकर दोनों गांव को निर्बाध आपूर्ति की जानी है। फिलहाल चानौत गांव तक जा रही 10 इंची पाइपलाइन अब केवल चानौत गांव को ही निर्बाध जलापूर्ति करेगी। जिसे तीनों गांव की जलापूर्ति से संबंधित समस्या खत्म हो जाएगी।




हांसी। चानौत, खरकड़ी व महजत गांव की पेयजल आपूर्ति को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया लेआउट प्लान। फोटो : हरिभूमि

### खरकड़ी पंप हाउस पर दो नई मोटरें स्थापित

जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए खरकड़ी पंप हाउस पर दो नई मोटरें स्थापित कर दी गई हैं। इनमें चानौत गांव को निर्बाध जलापूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए 50 हॉर्स पावर क्षमता की मोटर लगाई गई है, जबकि 35 हॉर्स पावर क्षमता की मोटर खरकड़ी तथा महजत गांवों को पानी उपलब्ध कराने के लिए स्थापित की गई है। इससे जल वितरण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और सभी गांवों तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचाना संभव होगा।

### एक स्वतंत्र विद्युत फीडर होगा

जलापूर्ति प्रणाली के सुचारू संचालन के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए भाटला पंप हाउस से एक स्वतंत्र विद्युत फीडर स्थापित किया जा रहा है। आगामी दो से तीन दिनों के भीतर बिजली के पोल लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी भी आपात स्थिति में जलापूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए खरकड़ी पंप हाउस पर एक बड़ा जनरेटर सेट भी स्थापित कर दिया गया है।

### चानौत गांव के जलघर का होगा सुधारीकरण

सरकार द्वारा चानौत गांव के जलघर के व्यापक सुधारीकरण के लिए लगभग 7 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। इस परियोजना के तहत पुराने ईंटों से बने टैंक को आधुनिक सीमेंटेड टैंक में परिवर्तित किया जाएगा। साथ ही वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा तथा जलघर में नई एवं आधुनिक मशीनरी स्थापित की जाएगी, जिससे जल शोधन और वितरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

### तेजी से होगा योजनाओं का क्रियान्वयन



जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद खरकड़ी, महजत और चानौत गांव के हजारों ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा भविष्य में पेयजल संकट की संभावना भी समाप्त हो जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य तेजी से उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द बेहतर जलापूर्ति सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।
-**राहुल नरवाल,** डीसी, हांसी।



# मांग पूरी होने तक नहीं पीऊंगा चानौत गांव में पानी : सुरजेवाला

- चानौत में 26वें दिन भी जारी रहा धरना, पांच बुजुर्गों का अनशन दूसरे दिन में प्रवेश, कांग्रेस ने दिया समर्थन

**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित गांव चानौत में पेयजल की मांग को लेकर चल रहा ग्रामीणों का आंदोलन बुधवार को 26वें दिन भी जारी रहा। भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण पानी की मांग को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए हैं जबकि गांव के 5 बुजुर्ग आमरण अनशन पर बैठे हैं, वहीं महिलाएं, युवा और बच्चे भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों की मांग के समर्थन में बुधवार को कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला धरनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि चानौत के लोग किसी का हक नहीं छीनना चाहते, बल्कि केवल अपने हिस्से का पानी मांग रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस मुद्दे को शहर और गांव के बीच संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर भाईचारे को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि हांसी शहर और आसपास के गांवों दोनों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

विधायक आदित्य सुरजेवाला ने ग्रामीणों के संघर्ष के समर्थन में संकल्प लेते हुए कहा कि जब तक चानौत गांव को उसके हिस्से का पीने का पानी नहीं मिल जाता, तब तक वह गांव में पानी ग्रहण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन सरकार गांव के लोगों को उनके लिए पीने का पानी उपलब्ध कराएगी, उसी दिन वह गांव में आकर ग्रामीणों के साथ बैठकर पानी पीएंगे। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने भी दोहराया कि जब तक गांव को पेयजल आपूर्ति के लिए भाखड़ा पाइपलाइन से कनेक्शन नहीं दिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## जल संरक्षण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई

# पेयजल बर्बाद करने पर 639 उपभोक्ताओं को दिए नोटिस

**हिसार।** जिले में जल संरक्षण एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व डब्ल्यूएसएसओ विशेष अभियान चलाकर अवैध कनेक्शनों तथा पेयजल की बर्बादी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। अभियान के दौरान विभिन्न खंडों में निरीक्षण कर 639 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। अधीक्षक अभियंता के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत खंड अग्रोहा, बरवाला, आदमपुर, उकलाना, हिसार प्रथम व द्वितीय में विभागीय टीमों द्वारा घर-घर जाकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान की गई, जो पेयजल का उपयोग बागवानी तथा अन्य गैर-घरेलू कार्यों में कर रहे थे। विभाग द्वारा संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी करते हुए भविष्य में पानी की बर्बादी जारी रहने की स्थिति में



जल कनेक्शन काटे जाने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। अधीक्षक अभियंता तरुण गर्ग ने कहा कि जल संरक्षण को लेकर विभाग अभियान जारी रखेगा। इस मौके पर जिला सलाहकार विनोद कुमार, ललिता कुमारी, संदीप सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप, सुभाष चंद्र, दलीप कुमार, रमेश कुमार एवं मनफूल सिंह आदि मौजूद रहे।

## टूटी सड़क पर अनियंत्रित हुई बाइक से गिरा पलंबर, मौत

**हिसार।** नजदीकी गांव सातरोड से सुलखनी मोड के पास सड़क टूटी होने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुए हादसे के कारण एक युवक की मौत हो गई। बुधवार को मृतक सोनू के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

परिजनों के अनुसार लगभग 30 वर्षीय सोनू चिनाई और पलम्बर का काम करता था। सातरोड कलां में सतबीर के घर पर चिनाई का काम चल रहा था। मंगलवार को सोनू वहां पर काम करने के लिए गया था। सतबीर ने बताया कि शाम को साढ़े छह बजे सोनू ने दवा खरीदने के लिए 500 रुपये लिए थे। उसके बाद वह उसकी बाइक लेकर चला गया।

रात करीब साढ़े 12 बजे पुलिस कर्मचारियों का फोन आया कि जो युवक इस बाइक पर सवार था वह गंभीर रूप से घायल है। फिर बेटे के साथ सोनू के घर गया और उनके परिजनों को लेकर नागरिक अस्पताल में आए। वहां पर पता चला कि सोनू की मौत हो चुकी है। पुलिस के अनुसार सुलखनी मोड़ पर सड़क टूटी होने के कारण हुए हादसे में सोनू के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौत हो गई।

# अंधड़ ने मचाई तबाही, 1100 से अधिक खंभे टूटे

- बालसमंद सब डिवीजन में सबसे ज्यादा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तेज अंधड़ ने मंगलवार को हिसार व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी तबाही मचाई। कई स्थानों पर बिजली के पोल गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही और लोगों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खेतों तथा घरों की छत पर लगी सोलर प्लाटें क्षतिग्रस्त हो गई। बिजली निगम के अनुसार तेज अंधड़ में हिसार सर्कल में 1100 से अधिक बिजली के छोटे व बड़े पोल क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुए है। बिजली निगम के अनुसार सबसे ज्यादा नुकसान बालसमंद सब डिवीजन में हुआ है। बालसमंद सब डिवीजन के तहत आने वाले गांव बालसमंद, भिवानी रोहिल्ला, आर्य नगर, रावलवास, किरतान, डोभी आदि गांव में 590, सातरोड़ में 110, आदमपुर में 116, बाडोपट्टी में 23, बरवाला में 2, हांसी व नारनौंद एरिया में 237 बिजली के खंभे गिरने की सूचना है।

### मृतक के परिजनों को मिलेगी 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद

गांव रावलवास में पेड़ के नीचे दबने से हुई युवक की मृत्यु के मामले में मृतक के परिजनों को कुल 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि इस सहायता राशि में 4 लाख रुपये स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड तथा 1 लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में घायल हुए व्यक्ति को भी नियमानुसार आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि प्रभावित परिवार को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड के प्रावधानों के अनुसार इस घटना में पशु हानि के लिए भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। नियमों के तहत प्रति मृत पशु 37 हजार 500 रुपये तथा छोटी गाय एवं बछड़े के लिए 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन प्रभावित परिवार के साथ खड़ा है तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।



### उकलाना क्षेत्र में आंधी से सौर ऊर्जा संयंत्र को भारी नुकसान

**उकलाना।** क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाद आई तेज आंधी ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। गांव हांसेवाला के किसान जयवीर सिंह के खेत में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र आंधी की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसे लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। तेज हवाओं के कारण सौर ऊर्जा की कई प्लेटें अपनी जगह से उखड़कर दूर जा गिरीं। आंधी की तीव्रता इतनी अधिक थी कि अनेक प्लेटें टूट गईं और उनका ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद किसान को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसान जयवीर सिंह ने बताया कि खेत में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया गया था। सौर ऊर्जा परियोजना से उन्हें अच्छी आय की उम्मीद थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

# हरियाणा महिला आयोग अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद नर्सिंग स्टाफ का आंदोलन वापस

- सार्वजनिक माफी मंगवाने पर अड़ी एसोसिएशन, रेणु भाटिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी

**हिसार।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग अधिकारियों द्वारा शुरू किया गया विरोध प्रदर्शन फिलहाल समाप्त हो गया है। कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल मामले में हरियाणा महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन रेणु भाटिया की कथित टिप्पणी से नाराज नर्सिंग स्टाफ ने दो दिनों तक सांकेतिक हड़ताल की। अब सरकार द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद नर्सिंग अधिकारियों ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा की है।

नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़ ने आरोप लगाया कि रेणु भाटिया की इगो हर्ट होने के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया, लेकिन माफी नहीं मांगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पूर्व चेयरपर्सन सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगती हैं, तो उनके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा। एसोसिएशन कुरुक्षेत्र में पुलिस शिकायत दर्ज कराएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की एसोसिएशन की ओर से लीगल नोटिस भेजकर मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा।

इससे पूर्व नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन ने नागरिक अस्पताल में सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना दिया और रेणु भाटिया के खिलाफ नारेबाजी की।

### मकान में चोरी का आरोपी पकड़ा राजस्थान में भी दर्ज हैं 14 केस

**हिसार।** सीआईए मिल गेट पुलिस ने मकान में चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरीशुद्धा राशि व वारदात में प्रयोग की गई गाडी बरामद की है। इस संबंध में कैमरी रोड स्थित अमरदीप कॉलोनी निवासी सुमन पत्नी अजय कुमार ने थाना आजाद नगर में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गत 31 मई को वह अपनी माता संतरो देवी से मिलने शास्त्री नगर गई हुई थी। जब वह अगले दिन अपने घर वापस पहुंची तो घर का ताला टूटा हुआ मिला तथा अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी पाई गई। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान सीआईए मिलगेट के एसआई कृष्ण ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भिवानी के दिनोद निवसी दीवान उर्फ सुनील को गिरफ्तार किया। पूछताछ एवं जांच के आधार पर आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई स्विफ्ट कार तथा चोरी की गई राशि में से दो हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ राजस्थान में विभिन्न धाराओं के 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# आंतरिक जांच कमेटी ने सीएमओ को सौंपी डी-फ्रीजर में शव कुतरने के मामले रिपोर्ट

- मजिस्ट्रियल जांच कर रही एडीसी आज देंगी अपनी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नागरिक अस्पताल के शवगृह में चूहों द्वारा महिला के शव कुतरने के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित की गई आंतरिक जांच कमेटी ने तीन दिन बाद अपने रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी है। यह रिपोर्ट अब स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर को भेजी जानी है।

उधर, डीसी की तरफ से करवाई जा रही मजिस्ट्रियल जांच की अवधि भी पूरी होने वाली है। यह जांच एडीसी शालिनी चेतल द्वारा की जा रही है। वे भी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी। उधर, महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिंह एक्स्पर्ट बुधवार को नागरिक अस्पताल पहुंचे और दोनों डी-फ्रीजर का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण में क्या मिला इसकी जानकारी वे एडीसी को देंगे। इसके अलावा डी-फ्रीजर कंपनी के इंजीनियर तीसरे दिन भी रिपेयरिंग कार्य में जुटे थे।

उधर, शवगृह में विभाग की तरफ से बिजली व पानी की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। जहां से भी चूहां के शवगृह में घुसने के छेद है, उन्हें सीमेंट के साथ बंद कर दिया गया है। विभाग की तरफ से डी-फ्रीजर में मार्किंग की गई है और एक रजिस्ट्रर भी लगा दिया गया है, जिसमें शव के बारे में पूरा ब्योरा दर्ज किया जाएगा।

# ठोस कचरा प्रबंधन के लिए निगम ने जारी किया टेंडर

- परियोजना की अनुमानित लागत करीब 8 .92 करोड़ रुपये निर्धारित

**हिसार।** शहर में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में नगर निगम ने अहम पहल की है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि ठोस कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ई-टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्लस्टर स्तर पर हिसार, बरवाला, उकलाना, हांसी, नारनौंद और सिवानी क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे की प्रोसेसिंग के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। इस परियोजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित कचरे का व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाएगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। नगर निगम के अनुसार परियोजना की अनुमानित लागत करीब 8.92 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इच्छुक एजेंसियां 15 जून को सुबह 11 बजे तक अपने प्रस्ताव जमा कर सकती हैं। निगम प्रशासन का मानना है कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से आधुनिक कचरा निस्तारण प्रणाली विकसित होगी, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार आएगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। टेंडर से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और ई-टेंडरिंग पोर्टल पर उपलब्ध है। इच्छुक एजेंसियां निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकती हैं। सहायता के लिए संबंधित नगर निगम के नोडल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## पहल — पेयजल प्रबंधन को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने की दिशा में जिले की पंचायतें आईं आगे

# पंचायतें करेंगी पेयजल व्यवस्था का संचालन व रखरखाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंधन को सुदृढ़ और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में हिसार जिले की ग्राम पंचायतों ने उत्साहजनक पहल की है। जिले में अब तक 21 ग्राम पंचायतों ने ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) की जिम्मेदारी संभालने की सहमति प्रदान की है। इसके अलावा 4 अन्य पंचायतें भी शीघ्र ही प्रस्ताव पारित कर एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगी।

इस पहल से पंचायतों की जवाबदेही बढ़ेगी, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन होगा और ग्रामीण नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बुधवार को छठी बैठक के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास में स्थानीय सहभागिता को बढ़ावा देने तथा पंचायतों को अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल व्यवस्था को ग्राम पंचायतों को सौंपने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि पानी के वितरण, संचालन एवं रखरखाव में स्थानीय स्तर पर अधिक जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।



### जानें... क्या है ओएंडएम पॉलिसी-2026 का मकसद

ओएंडएम पॉलिसी-2026 का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस नीति के तहत ग्राम पंचायतें जलापूर्ति व्यवस्था के संचालन, पाइपलाइन नेटवर्क की निगरानी, पंप संचालन तथा जल वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी स्वयं निभाएंगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को आवश्यक वित्तीय सहायता एवं फंड उपलब्ध कराया जाएगा।

**इन गांवों ने किया ओएमयू:** हिसार जिले के कुल 21 गांवों ने एमओयू किया है। इनमें बरवाला ब्लॉक के सबसे ज्यादा गांव है। बरवाला ब्लॉक से इन गांवों में बधावड़, बाडो पट्टी, बहबलपुर, ब्याना खेड़ा, बुगाना, ढाड, धिकताना, ज्ञानपुरा, जुगलान, खरक पूनिया, खरकड़ा, खैरी बर्की, मतलोढा, राजली, सरसाना, सरसौद, सुलखनी शामिल है। इसी तरह हिसार प्रथम के गांव माइयड़, उकलाना के गांव कल्लर भैणी, साहू व सुरेवाला शामिल हैं।

### प्रस्ताव विभागीय पोर्टल पर अपलोड किए

बैठक में कार्यकारी अभियंता व जिला जल एवं सीवरेज मिशन के सदस्य सचिव आदेश सिंगला ने बताया कि पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए ओएंडएम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) नीति के तहत 21 ग्राम पंचायतों से संबंधित प्रस्ताव विभागीय पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं तथा जिले की अन्य पंचायतें भी इस नीति के प्रति उत्साह दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में चयनित ग्राम पंचायतों को इस नीति के तहत शामिल किया जाएगा। बैठक में एडीसी शालिनी चेतन, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता संदीप चितरा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



स्पेशलः मेंस हेल्थ वीक (15-21 जून)

वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित-अस्वस्थ खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, धूम्रपान, शराब का सेवन और नींद की खराब आदतों से हर उम्र के पुरुष बीमार हो रहे हैं। इससे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, मानसिक स्वास्थ्य, नींद संबंधी विकार, हार्मोनल असंतुलन और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, जानिए।

# रेग्युलर कराएं चेकअप-बरतें प्रिकॉशन हर उम्र में आप रहेंगे हेल्दी

अवेयरनेस

रजनी अरोड़ा

हमारे समाज में आमतौर पर माना जाता है कि पुरुष आसानी से बीमार नहीं पड़ते। यह सोच उनके स्वास्थ्य के लिए रिस्की हो जाती है, क्योंकि कई पुरुष अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज करते हैं। आईसीएमआर की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में तकरीबन 46 प्रतिशत पुरुष किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार केवल बुजुर्ग ही नहीं, युवा और कम उम्र के पुरुष भी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। इसलिए सजग रहना जरूरी है। अब जानते हैं कि किन समस्याओं का सामना पुरुष ज्यादा करते हैं?

**हृदय रोगः** पुरुषों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण यही है। भारत में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक मौतें



70 वर्ष की आयु से पहले होती हैं। उच्च रक्तचाप, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, शराब, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। सीने में दर्द या भारीपन, बाईं बांह में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना और अनियमित धड़कन हृदय रोग के मुख्य लक्षणों में शामिल हैं।

**डायबिटीजः** साइलेंट किलर कहलाने वाली डायबिटीज धीरे-धीरे व्यक्ति के हृदय, गुर्दे, आंखें और तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें महिलाओं के बनिस्पत पुरुषों की संख्या ज्यादा है। बार-बार प्यास और पेशाब, अचानक वजन कम होना, थकान, घाव देर से भरना और हाथ-पैरों में सुन्नपन इसके लक्षण हैं।

**मानसिक स्वास्थ्यः** अवसाद, चिंता, तनाव और आत्महत्या की प्रवृत्ति पुरुषों में गंभीर चिंता का विषय है। सीडीसी के अनुसार पुरुषों में आत्महत्या दर महिलाओं से 4 गुना अधिक है। लगातार उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, काम में रुचि न रहना और अत्यधिक शराब पीना इसके संकेत हो सकते हैं।

**फेफड़ों की बीमारियांः** सीओपीडी और फेफड़ों का कैंसर, पुरुषों में कॉमन हैं, खासकर धूम्रपान करने वालों में। लगातार खांसी, खांसी में खून, सांस फूलना और सीने में दर्द इसके लक्षण हैं।




**प्रोस्टेट-टेस्टिकल कैंसरः** प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाला दूसरा बड़ा कैंसर है। खास लक्षण न होने के कारण इसकी पहचान अकसर प्रारंभिक अवस्था में नहीं हो पाती। अकसर कोई लक्षण नहीं दिखता। पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून और पेड़ू में दर्द इसके संकेत हैं।

टेस्टिकल कैंसर, युवा पुरुषों में अधिक देखा जाता है। अंडकोष में गांठ, सूजन, भारीपन या दर्द होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**ओबेसिटीः** यह मूलतया आधुनिक सिटिंग वर्ककल्चर के बढ़ते ट्रेंड, सेडेंटरी लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत







आदतों की देन है। ट्रंकल ओबेसिटी यानी पेट की चर्बी, हृदय रोग, मधुमेह और जोड़ों की समस्याओं का प्रमुख कारण है। जरूरी है पुरुष अपना बीएमआई इंडेक्स 18.5-24.9 के बीच और कमर की चौड़ाई 90 सेमी. से कम रखें।

**जोड़ों की समस्याएंः** बढ़ती उम्र में हार्मोन की कमी से पुरुषों की भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियोपीनिया और आर्थराइटिस जैसी समस्याएं होती हैं। यही नहीं घंटों कंप्यूटर वर्क करने और गलत पॉश्चर के कारण युवाओं में भी पीठ दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**हार्मोन की कमी और एंड्रोपॉजः** विशेषकर टेस्टोस्टेरोन की कमी से कुछ समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरोन केवल यौन हार्मोन नहीं, यह मांसपेशियां, हड्डियां, मनोदशा, ऊर्जा और हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित करता है। यह 20-25 वर्ष की उम्र में चरम पर होता है और बाद में हर साल 1-2 प्रतिशत घटता है। 60 वर्ष की आयु के बाद टेस्टोस्टेरोन हार्मोन तकरीबन खत्म हो जाता है यानी पुरुषों में एंड्रोपॉज या मेल मेनोपॉज होता है। लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, मांसपेशियों में कमजोरी, नींद की समस्या, यौन इच्छा में कमी एंड्रोपॉज समस्या के लक्षण हैं।

**इंफर्टिलिटीः** इरेक्टाइल डिस-फंक्शन, यौन इच्छा में कमी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता कम होना और इंफर्टिलिटी आज तेजी से बढ़ रही समस्याएं हैं। लाखों पुरुष इससे प्रभावित हैं, लेकिन संकोचवश इसे छुपाते रहते हैं। यह केवल यौन समस्या नहीं, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह या हार्मोन असंतुलन का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। धूम्रपान, शराब, मोटापा, तनाव और टेस्टोस्टेरोन की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

**सार्कोपीनिया या मसल-लॉसः** उम्र के साथ मांसपेशियों का कम होना एक गंभीर समस्या है। 30 वर्ष के बाद हर दशक में मांसपेशियों का मास 3.5 प्रतिशत कम होता जाता है। 60 साल की उम्र के बाद कमजोरी, संतुलन बिगड़ने और गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

**अल्जाइमर और डिमेंशियाः** पुरुषों में बढ़ती उम्र के साथ दिखाई देने वाले गंभीर मस्तिष्क संबंधी विकार हैं, जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और दैनिक कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करते हैं। शुरुआती लक्षणों में हाल की बातें भूलना, बार-बार एक ही प्रश्न पूछना, निर्णय लेने में कठिनाई, रास्ता भूल जाना, ध्यान केंद्रित न कर पाना और व्यवहार या मनोदशा में बदलाव शामिल हैं। बढ़ती उम्र, आनुवंशिकता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, शारीरिक निष्क्रियता, सामाजिक अकेलापन और खराब नींद इसके प्रमुख रिस्क फैक्टर्स हैं।

**जरूरी है रेग्युलर हेल्थ चेकअपः** आमतौर पर पुरुष डॉक्टर के पास तभी जाते हैं, जब तक बीमारी के लक्षण स्पष्ट रूप



से दिखाई देने लगते हैं। जिसकी वजह से वे गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं और कई मामलों में समय से पहले ही मौत हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश बीमारियों को समय पर जांच और सही आदतों से रोका जा सकता है।

**20 से 30 वर्ष आयु के पुरुषः** इस उम्र में शरीर सामान्यतः स्वस्थ रहता है, लेकिन धूम्रपान, शराब, जंक फूड, अनियमित नींद और मानसिक तनाव सबसे बड़े खतरे हैं, जो आगे कई बीमारियों की जड़ बनते हैं। पूरी एहतियात बरतनी जरूरी है। इसके लिए टेस्टिकल का स्व-परीक्षण जरूरी है। साल में एक बार ब्लड प्रेशर, सीबीसी ब्लड काउंट, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य और विटामिन-डी। हर दो-तीन साल में-ब्लड शुगर, विटमिन डी, नेत्र परीक्षण। हर पांच साल में लिपिड प्रोफाइल चेक कराएं।

**30 से 40 वर्ष उम्र के पुरुषः** काम का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और बैठकर काम करने की आदत स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां उभरने लगती हैं। इसलिए ये टेस्ट जरूर करवाएं। हर 6 महीने में ब्लडप्रेशर। साल में एक बार, ब्लड शुगर (एचबीएएलसी), लिपिड प्रोफाइल, केएफटीए, एलएफटी, विटामिन बी-12, विटामिन-डी, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य। हर 2 साल में थाइरॉयड, पेट का अल्ट्रासाउंड करवाना भी जरूरी है।

**40 से 50 वर्ष उम्र के पुरुषः** इस उम्र में वार्षिक पूर्ण स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। हर तीन महीने में ब्लड प्रेशर। हर 6 महीने में ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल। हर साल पीएसए (प्रोस्टेट ग्लैंड), टेस्टोस्टेरोन टेस्ट, ट्रेडमिल टेस्ट (हृदय की कार्यक्षमता), कोलोनोस्कोपी (पेट की जांच), स्पाइरोमेट्री, एक्स-रे या सिटी स्कैन (फेफड़ों), आई टेस्ट।

**50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषः** हृदय, पेट, प्रोस्टेट, हड्डियों और मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हर साल पीएसए टेस्ट, आई साइट और ईयर चेकअप। हर दो साल डेक्सा स्कैन (बोन डेंसिटी), इकोकार्डियोग्राफी या एंजियोग्राफी। हर दस साल में क्लोनोस्कोपी टेस्ट। *

**(सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर फिजिशियन, डॉ. मोहसिन वली और पूर्व अध्यक्ष-एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

## अपनाएं ये गुड हैबिट्स

लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य उम्र का रहस्य हेल्दी लाइफस्टाइल में छिपा है। कुछ अच्छी आदतें कम उम्र में अपनाकर आप स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** बिजी रुटीन होने के बावजूद पुरुषों को हेल्दी रुटीन अपनाना चाहिए। नियत समय पर उठना, सोना, खाना जरूरी है।

**नियमित व्यायामः** वजन नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें 20-30 वर्ष की आयु में प्रतिदिन लगभग 45 मिनट व्यायाम की आदत डालें। 30-40 वर्ष में रेग्युलर स्ट्रैंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज और 40 वर्ष के बाद योग, तैराकी तथा पैदल चलना जैसी एक्टिविटीज करना फायदेमंद है।





**संतुलित आहारः** पोषक तत्वों से भरपूर और संतुलित आहार लें। फाइबर, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। आहार में मौसमी और ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और मेवे खाएं। नमक, चीनी और जंक फूड कम करें। यथासंभव ऑइली फूड खासकर ट्रांस फैट से परहेज करें। पर्याप्त पानी पिएं और विटामिन-डी के लिए प्रतिदिन 15-20 मिनट धूप लें।

**स्ट्रेस करें कंट्रोलः** तनाव को दबाने की बजाय परिवार, मित्रों या विशेषज्ञ से अपने दिल की बात साझा करें। मजबूत सामाजिक संबंध भी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं। ध्यान, योग और प्राणायाम मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। इनसे मस्तिष्क में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन बनते हैं जो प्राकृतिक अवसाद विरोधी हार्मोन हैं।

**स्क्रीन टाइम करें सीमितः** लंबे समय तक लैपटॉप, स्मार्टफोन की स्क्रीन देखने से नींद खराब होती है, आंखें कमजोर होती हैं और पीठ दर्द होता है। रात को सोने से एक घंटे पहले मोबाइल बंद करें।

**लें भरपूर नींदः** रोज 7-8 घंटे की नींद लें क्योंकि नींद शरीर ऊर्जा और ताजगी देती है। कम नींद से कोर्टिसोल बढ़ता है, जो हृदय रोग और मधुमेह का कारण बनता है। रात को एक ही समय पर सोने की आदत बचपन से ही बनाएं। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह परहेज करें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या होने पर बिना कोई देर किए निःसंकोच डॉक्टर को कंसल्ट करें।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

## हीट वेव से बचाने में कारगर हैं फ्रूट्स-हर्ब्स





हालांकि कई दक्षिणी राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है लेकिन उत्तर से लेकर मध्य और पश्चिम भारत में अभी भी हीट वेव्स चल रही हैं। इस वजह से लोग डिहाइड्रेशन, चक्कर आने, थकान और लू से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में गर्मी से राहत दिलाने, हीट वेव से बचाने के लिए कुछ फ्रूट्स और हर्ब्स का सेवन बहुत कारगर हो सकता है। बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, पुदीना, धनिया और खस से बने पेय शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए बहुत कारगर हैं।

**बनाए रखते हैं हाइड्रेशनः** आयुर्वेद के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में शरीर में द्रवों की कमी होने लगती है और पित्त का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों और जड़ी-बूटियों का सेवन लाभदायक होता है, जो शरीर को शीतलता प्रदान करें और हमारी ऊर्जा को भी बरकरार रखें। यही कारण है कि इन दिनों बेल, सौंफ, पुदीना, खस, आंवला, धनिया और गुलकंद जैसी चीजों का उपयोग करना फायदेमंद होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इनकी सबसे बड़ी ताकत है, इनमें मौजूद प्राकृतिक तत्व, जो शरीर को हाइड्रेट रखने, हमारे शरीर के पाचनतंत्र को संतुलित करने और गर्मी से होने वाली बेचैनी को कम करने में सहायक होते हैं।

**पुदीना-बेल-आंवलाः** पुदीना शरीर को ताजगी देता है और गर्मी के कारण होने वाली थकान तथा भूख की कमी होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सदियों से गर्मी और लू से बचने के लिए बेल का शर्बत पिया जाता रहा है। फाइबर और खनिज से भरपूर बेल में शरीर को गर्मी से लड़ने के लिए अनेक तत्व होते हैं, जो हमारे पाचनतंत्र से लेकर शरीर की ऊर्जा तक को महफूज रखते हैं। गर्मी से लड़ने में कारगर औषधीय फल आंवला भी है। बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम के बीच संक्रमणों से बचाव के लिए भी यह बेहद उपयोगी है।

**बरतें ये सावधानीः** यह समझना जरूरी है कि ये फल और हर्ब्स, हीट वेव का इलाज नहीं करते केवल उससे बचाव में सहायक होते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो उसे केवल घरेलू उपायों पर निर्भर रखना खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सहायता लेना जरूरी है। *

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## गर्मी की वजह से जब होने लगें घमौरियां



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे शरीर पर घमौरियां निकल रही हैं। चेहरे, गले पर भी लाल-लाल दाने निकल आए हैं। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, रोहतक**

हाल में मौसम में काफी उतार-चढ़ाव हुआ है। तापमान कम और ज्यादा हुआ है। सामान्य तौर पर इस तरह बारिश में होता है। अधिक पसीना आने की वजह से घमौरियां होती हैं और तब इस तरह की परेशानी शुरू हो जाती है। इससे राहत के लिए जब भी बाहर से घर लौटें तो पसीने को तुरंत साफ कपड़े से पोछें और स्किन को ड्राय करें। आप घमौरी वाला पावडर भी लगा सकते हैं और संभव हो तो धूप में कम निकलें, जिससे पसीना कम आएगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्ते पहले अचानक मेरे सिर में दाहिनी तरफ तेज दर्द हुआ। तब पेन-किलर लेने पर यह दर्द ठीक हो गया था। उसके बाद से बीच-बीच में उसी जगह दर्द होता रहता है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अविनाश, रायपुर**

सबसे पहले आप अपनी आंखों की जांच करवाएं। कई बार आंख कमजोर होने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर आपकी आई साइट ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द और चुभन जैसा फील होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-प्रशांत, जांजगीर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टॉन्सिल की प्रॉब्लम है, जिस वजह से चुभन महसूस हो रही है। बेहतर होगा कि एक बार आप ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे जांच करके पता लगाएंगे, उसके बाद ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान आप ठंडा पानी या कोई भी फ्रिज में रखी ठंडी चीज बिल्कुल न खाएं न पिएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे दाहिने पैर में सूजन दिख रही है। दर्द भी होता है। कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-मुकेश, कांकेर**

क्या आपके पैर में कभी चोट लगी थी? क्योंकि इस तरह की समस्या कई बार चोट लगने से होती है। अगर ऐसा है तो आपको एक्स-रे करवा लेना चाहिए, जिससे कारण पता चलेगा। फिलहाल आप पैर में सिंकाई कर सकते हैं और वजन उठाने का काम ना करें। तेज वॉकिंग या रनिंग भी बिल्कुल न करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर के नाखूनों का रंग बिल्कुल सफेद दिखने लगा है। वे रूखे भी दिखते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-दिवाकर, बिलासपुर**

इस समस्या को सुनकर लग रहा है कि आपको कैल्शियम की कमी है। इस वजह से नाखून सफेद पड़ने लगते हैं। आपको कैल्शियम की दवा लेनी होगी। बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर आप पहले कैल्शियम की जांच कराएं और डॉक्टर जो दवा प्रिसक्राइब करें, उसे रेग्युलर लें। दवा आपको लंबे समय तक लेनी पड़ेगी। इसमें लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे लंच और डिनर के साथ सलाद खाना बहुत पसंद है। क्या खाना खाने के पहले सलाद खाना ज्यादा फायदेमंद होता है?**

**-रचित, दुर्ग**

खाने के साथ आपको जरूर सलाद खाना चाहिए। अगर आप खाने से पहले सलाद खा लेते हैं तो इससे आप खाना कम खाएंगे और पेट में फाइबर ज्यादा पहुंचेगा। डाइजेशन सिस्टम के लिए ठीक रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. तृप्ति अग्रवाल

जनरल फिजिशियन

आजकल ज्यादातर लोग देर रात में ही डिनर करते हैं। इससे कई हेल्थ प्रॉब्लम्स बढ़ती हैं। अगर आप डिनर टाइम में थोड़ा चेंज करें तो इतने फायदे होंगे कि आप हैरान रह जाएंगे। डिनर जल्दी करने के फायदों के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## सही टाइम पर करें डिनर आप रहेंगे हेल्दी-एक्टिव



पुराने जमाने में हमारे बड़े-बुजुर्ग रात को सोने से पहले जल्दी खाना खाते थे, लेकिन आजकल की भाग-दौड़ भरी बिजी लाइफस्टाइल में डिनर का समय फिक्स नहीं है। देर रात भोजन करना आम बात हो गई है। ज्यादातर लोग 9 बजे के बाद या उससे भी देर से डिनर करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर इस आदत में थोड़ा-सा बदलाव कर लिया जाए यानी शाम 6-8 बजे के बीच डिनर करना शुरू कर दिया जाए तो यह सेहत के लिए कितना अधिक फायदेमंद हो सकता है? आइए जानते हैं कि जल्दी डिनर करने से हेल्थ को कितने फायदे मिलते हैं?

**पाचन तंत्र में सुधारः** शाम 6-8 बजे के बीच डिनर करने से डाइजेस्टिव एंजाइम्स एक्टिव रहते हैं और खाना आसानी से पच जाता है, जिससे शरीर को सोने से पहले खाना पचाने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और एसिडिटी, गैस और पेट फूलने की समस्या दूर होती है।

**गहरी और अच्छी नींदः** जिन लोगों को अकसर रात में सोने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है, तो जल्दी डिनर करने से आपकी यह मेहनत बच सकती है, क्योंकि सोने से 2-3 घंटे पहले डिनर कर लेने से सोने और खाने के बीच गैप हो जाता है, जिससे शरीर रिलैक्स मोड में आ जाता है और अनिद्रा की समस्या दूर होती है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

**वजन कंट्रोलः** देर रात खाना खाने से कैलोरी फैट के रूप में जमा होने लगती है, जबकि जल्दी डिनर करने से शरीर को रात भर फास्टिंग में रहने का समय मिलता है। इससे इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है और मेटाबॉलिक रेट बेहतर होता है और वजन मैनेज करने में मदद मिलती है।

**हार्मोनल बैलेंसः** शाम 6-8 बजे के बीच डिनर करने से मेलाटोनिन और कोर्टिसोल जैसे हार्मोंस बैलेंस रहते हैं। यह शरीर की सर्केडियन रिदम को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे एनर्जी लेवल और मूड पर सकारात्मक असर पड़ता है।

**ब्लड शुगर लेवल कंट्रोलः** जल्दी डिनर करने से रात भर ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर रखने में मदद मिलती है। यह खासतौर से डायबिटीज के मरीजों या प्री-डायबिटिक स्थिति वाले लोगों के लिए फायदेमंद है। देर रात खाना खाने से सुबह उठने पर ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

**हार्ट हेल्थ बेटरः** नियमित रूप से जल्दी डिनर करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर पर पॉजिटिव असर देखा गया है। यह दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार साबित हो सकता है।

**नहीं होती ब्लोटिंगः** रात को देर से डिनर करने की वजह से अकसर सुबह ब्लोटिंग की समस्या होती है। जबकि शाम 6-8 बजे तक डिनर करने से सुबह ब्लोटिंग की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**हार्ट हेल्थ में होता है सुधारः** हार्ट को हेल्दी रखने के उपायों में लिए जल्दी डिनर करना एक महत्वपूर्ण उपाय है। जल्दी खाने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है, जिससे दिल की सेहत दुरुस्त होती है।

**स्किन के लिए फायदेमंदः** जल्दी खाना खाने से रात भर पाचन संबंधी बोझ कम होने से डिटॉक्स साइकिल बेहतर होती है। जिससे कुछ दिनों में, चेहरा कम डल दिखने लगता है और चेहरे पर ग्लो आता है। *

**प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

### क्या करें-क्या न करें

- रात का खाना हमेशा हल्का, पौष्टिक और आसानी से पचने वाला होना चाहिए। भारी, तली-भुनी या मसालेदार चीजें खाने से बचना चाहिए।
- खाना खाने के तुरंत बाद न लेटें। डिनर के बाद 15-20 मिनट तक हल्की वॉक जरूर करें। स्क्रीन टी.वी. या मोबाइल देखते हुए खाना खाने से बचें, इससे आप जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। इसलिए स्वस्थ और सुकून भरी लाइफस्टाइल के लिए रात को जल्दी भोजन करने की आदत अपनाएं।

# पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने से खफा किसानों ने किया प्रदर्शन

## फूंका सिंचाई मंत्री का पुतला, सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के अग्रोहा क्षेत्र में राणा माइनर एवं बालक माइनर में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने से नाराज किसानों ने विभिन्न किसान संगठनों के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। गुस्साए किसानों ने सिंचाई मंत्री का पुतला फूंककर रोष जताया और नारेबाजी की। किसानों के प्रदर्शन के चलते कुछ देर के लिए ट्रैफिक बाधित हुआ। किसानों ने सरकार और सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोनों माइनरों में लगातार दो सप्ताह पानी छोड़े जाने और टेल क्षेत्र तक पूरा पानी पहुंचाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता सुरेश कुमार और किसान नेता संदीप सिवाच ने कहा कि राणा माइनर और बालक माइनर के अंतिम छोर (टेल) तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके कारण क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में धान, चारा व अन्य फसलों के लिए पानी की आवश्यकता बढ़ गई है, लेकिन नहरों में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। किसान नेताओं ने बताया कि नहरों में पानी की कमी का असर केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। कई गांवों में जलस्तर प्रभावित होने से लोगों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो फसलों को नुकसान होने के साथ-साथ ग्रामीणों की दिक्कतें भी बढ़ जाएंगी।


हिसार। प्रदर्शन के दौरान सिंचाई मंत्री का पुतला फूंकते किसान। फोटो : हरिभूमि

### सरकार कर रही अनदेखी

संदीप सिवाच ने कहा कि किसान और ग्रामीण लंबे समय से अपनी मांगों को प्रशासन और सरकार के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही राणा माइनर और बालक माइनर में 2 सप्ताह का पानी नहीं छोड़ा गया और टेल तक पानी पहुंचाने की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई, तो किसान संगठन आंदोलन को और व्यापक रूप देंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और सिंचाई विभाग की होगी। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था में सुधार करने, नहरों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने और किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस मौके पर विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# भवन निर्माण कामगार यूनियन ने सरकार का पुतला फूंका

- लघु सचिवालय के समक्ष निर्माण मजदूरों की महापंचायत हुई
- श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल तुरंत चालू करें : मनोज सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा की हिसार तहसील कमेटी की ओर से लघु सचिवालय के समक्ष निर्माण मजदूरों की महापंचायत आयोजित की गई। महापंचायत की अध्यक्षता लीलू राम जांगड़ा ने की जबकि तहसील सचिव राकेश गंगवा ने संचालन किया। महापंचायत के बाद निर्माण मजदूरों ने अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं श्रम मंत्री अनिल विज की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली और पुतले फूंके। मजदूरों ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना रोष व्यक्त किया।

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि श्रम कल्याण बोर्ड का पोर्टल तुरंत चालू नहीं किया गया तथा काटी गई मजदूरों की कॉपियों को बहाल नहीं किया गया तो 17 जून को सिवानी में मुख्यमंत्री नायब सैनी का विरोध किया काले झंडे दिखाये जाएंगे। इसके अलावा 10 जुलाई को पूरे जिला स्तर पर बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। महापंचायत को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य प्रधान मनोज सोनी ने कहा कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का पोर्टल पिछले 11 महीनों से बंद पड़ा है, जिससे लाखों निर्माण मजदूरों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में हुए भ्रष्टाचार के लिए मजदूर जिम्मेदार नहीं हैं। यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों, पंचायत सचिवों, पटवारियों, जेई, लेबर इंस्पेक्टरों तथा अन्य सत्यापन करने वाले अधिकारियों की है।


हिसार। मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते निर्माण मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### डॉ. वंदना गुप्ता निर्णायक नियुक्त

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्षा डॉ. वंदना गुप्ता को भारत की अग्रणी उद्योग संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'एफआईसीसीआई पब्लिकेशन अवार्डस' के लिए निर्णायक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत शैक्षणिक और शोध उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि उनके संस्थान और विभाग के लिए गर्व का विषय है।



### नि:शुल्क शिविर में 16 को मिली नेत्र ज्योति

हिसार। चौधरी फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा स्व. चौ. फतेहचंद व स्व. माता हरबंस कौर की स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आयोजित किए गए इस शिविर में 16 जरूरतमंद लोगों की आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया गया। इतना ही नहीं यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की गई।

### आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम आज से

हिसार। आर्ट ऑफ लिविंग हिसार शाखा की ओर से 11 से 14 जून तक हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सायं सेक्टर 13, पार्ट 2 में किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं शिक्षक नीरज गुप्ता ने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में जीवन की रोज़ाना चुनौतियों का सामना करने का व्यवहारिक ज्ञान, संवादात्मक (इंटरैक्टिव) अभ्यास, योगासन और विश्राम दायक शारीरिक व्यायाम, ध्यान और प्रभावशाली श्वास प्रक्रियाएं करवाई जाएगी एंव सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### हकृवि में कार्यरत बुद्ध सिंह को पुत्र शोक

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत बुद्ध सिंह के पुत्र सन्नी का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत आत्मा का अंतिम संस्कार ऋषि नगर स्थित श्मशान घाट में किया गया। विश्वविद्यालय परिवार इस दुःखद एवं अपूरणीय क्षति पर गहरा शोक व्यक्त करता है तथा शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट करता है।


दिवंगत सन्नी का फाइल फोटो।

### नशा बेचने वालों पर हो बुलडोजर कार्रवाई : पूनिया

हिसार । वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने कहा है कि हिसार में नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है और सरकार व प्रशासन इस गंभीर समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों के खिलाफ केवल औपचारिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध संपत्तियों और घरों पर भी बुलडोजर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि समाज में एक कड़ा संदेश जाए।

# अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य को जेसीबी से किया ध्वस्त

- दौलतपुर मार्ग पर 5-6 एकड़ में बनी थी अवैध कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

जिला नगर योजनाकार विभाग ने दौलतपुर मार्ग पर स्थित एक अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य को जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई डीटीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में खंड कृषि अधिकारी श्याम बिहारी मौजूद रहे। किसी अप्रिय घटना के बचाव के लिए मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि दौलतपुर मार्ग पर लगभग 5-6 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य, भरी हुई नीवों व कच्ची पक्की सड़कों को जेसीबी से तहस नहस किया गया। इस कार्रवाई के दौरान किसी ने भी ऐतराज वगैरह नहीं किया। इस संबंध में कॉलोनाइजरों को नोटिस वगैरह दिए गए थे परंतु ये कॉलोनाइजर अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और इस अवैध कॉलोनी में अपना निर्माण कार्य जारी रखा। इससे पूर्व भी इसी अवैध कॉलोनी में जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कई बार जेसीबी चला कर भरी हुई नीवों, कच्ची पक्की सड़कों को क्षतिग्रस्त किया जा चुका है। डीटीपी दिनेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वो कालोनाइजरों के लोभ लुभावने झांसो में न आए और किसी अवैध कॉलोनी में प्लाट वगैरह खरीद कर अपनी मेहनत से कमाई गई जमा पूंजी का निवेश न करे।


बरवाला। दौलतपुर मार्ग पर अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य को जेसीबी से ध्वस्त करते हुए।

### बाजारों व मुख्य मार्गों से हटाए कब्जे, सामान जब्त

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अभियान निरंतर जारी है। बुधवार को निगम टीम ने रेलवे स्टेशन रोड से अभियान की शुरुआत की। इसके बाद पोस्ट ऑफिस के सामने सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। टीम ने राजगुरु मार्केट में भी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया। शिकायत के आधार पर मटका चौक से जाट कॉलेज रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा अर्बन एस्टेट, एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट और पुष्पा कॉम्प्लेक्स के आसपास के क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया तथा सामान भी जब्त किया। टीम ने जिंदल चौक तथा जिंदल चौक से आईटीआई चौक तक भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आईटीआई चौक पर रेहड़ियों को भी हटाया गया।

### मिट्टी हमारी सबसे मूल्यवान प्राकृतिक संपदा : डॉ. पांडेय


हिसार। किसानों को जागरूक करते वैज्ञानिक।

हिसार। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान द्वारा बुधवार को गांव कोहली में किसान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जून से 30 जून तक देशभर में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. एन. के. पाण्डेय ने किसानों को मृदा परीक्षण के लिए वैज्ञानिक नमूना संग्रहण, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग से उत्पादन लागत में कमी आती है, फसल उत्पादकता बढ़ती है तथा मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता बनी रहती है। इस अवसर पर ने कहा कि मिट्टी हमारी सबसे मूल्यवान प्राकृतिक संपदा है। यदि मिट्टी स्वस्थ रहेगी तो फसल उत्पादन बढ़ेगा, कृषि लागत कम होगी तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी।



हांसी। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करती मिड-डे मील कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### मिड-डे मील वर्कर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हांसी। मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन, स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं एआईयूटीयूसी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर बुधवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह पार्क से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हांसी को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं स्थानीय विधायक की अनुपस्थिति में उनके पुत्र साहिल भयाना को भी ज्ञापन सौंपकर मांगों से अवगत कराया गया। इससे पूर्व प्रदर्शन का नेतृत्व एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष मेहर सिंह बांगड़, मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान संतरा तथा जिला सचिव उषा ने किया। प्रदर्शन से पूर्व भगत सिंह पार्क में आयोजित सभा का संचालन विजेंद्र जीतपुरा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि सरकार मिड-डे मील कुकों का लगातार शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में कार्यकर्ताओं को मात्र 7 हजार रुपये मासिक मानदेय पर काम करना पड़ रहा है, जबकि यह राशि भी कई-कई महीनों की देरी से मिलती है। इस अवसर पर बांगड़ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगों का समाधान नहीं किया तो 24 जून को भिवानी के नेहरू पार्क में हजारों मिड-डे मील कार्यकर्ता राज्य स्तरीय प्रदर्शन और रैली आयोजित करेंगे।इस अवसर बरजी, बाला, केला देवी, सूरजबाई, बिमला, सुनीता मिलकपुर, सुनीता, कुम्भा, कलावती सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रही।


हिसार। बैठक के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

हिसार। केंद्र सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जन कल्याण शिविर, प्रदर्शनी, पौधा रोपण, सफाई अभियान, पशु मेले, कृषि मेले एवं रोजगार मेले आदि शामिल हैं।
बुधवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने विशेष अभियान के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिल सके और पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ प्राप्त हो सके। अभियान के दौरान आयोजित किए जाने वाले कल्याण शिविर में सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे तथा पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी जी राम जी योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों संबंधित पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतन, अतिरिक्त निगमायुक्त प्रदीप हुड्डा, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, डीएफओ रोहताश बिरथल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालु पहुंचे सोमनाथ धाम

- बुजुर्गों को नि:शुल्क यात्रा कराती है प्रदेश की सरकार

हिसार। हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हिसार जिले से विशेष ट्रेन द्वारा भेजे गए श्रद्धालु सुरक्षित रूप से गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ धाम पहुंच गए हैं। श्रद्धालुओं ने भगवान सोमनाथ के दर्शन कर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद नागरिकों को देश के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा का अवसर उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रद्धालुओं को यात्रा, आवास, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाती हैं, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बोझ के अपने धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें। हिसार से रवाना हुए श्रद्धालुओं में सोमनाथ धाम पहुंचने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

# बिना नंबर प्लेट व ओवरस्पीड वाहनों पर हुई कड़ी कार्रवाई

- 674 वाहनों की हुई जांच, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 157 वाहनों के काटे चालान
- हांसी पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से जिला हांसी पुलिस ने बुधवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 674 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 157 वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस ने विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर नजर रखी। अभियान के दौरान 14 बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के चालान किए गए, जबकि 29 वाहन चालकों के खिलाफ ओवरस्पीडिंग करने पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा सीट बेल्ट, हेलमेट, दस्तावेजों की कमी और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के भी नियमानुसार चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे यातायात नियमों की अनदेखी एक प्रमुख कारण है। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहनों पर वैध नंबर प्लेट लगाने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।


हांसी। जांच अभियान चलाती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### नशा, अवैध शराब, जुआ व साइबर अपराध पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

हिसार। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में विभिन्न टीमों द्वारा अपराध नियंत्रण, नशा तस्करी पर अंकुश, अवैध शराब कारोबार, जुआ गतिविधियों तथा साइबर अपराध के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2026 में पुलिस कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। तुलनात्मक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष एक जनवरी से 7 जून तक 2025 की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में 125 प्रतिशत वृद्धि के साथ 117 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में 198 आरोपियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 66 प्रतिशत अधिक है। आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 347 प्रतिशत वृद्धि के साथ 67 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में 73 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 356 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। जुआ अधिनियम के तहत मामलों में 267 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए 11 मामले दर्ज किए गए।


हिसार। विशेष पूजा-अर्चना करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य।

### मोदी की दीर्घायु को लेकर मेयर ने विशेष पूजा

हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में देश सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को मेयर प्रवीण पोपली ने परिवार सहित सेक्टर-14 स्थित बुधला संत मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर राष्ट्र सेवा के लिए प्रार्थना की गई। मेयर प्रवीण पोपली की धर्मपत्नी मंजू पोपली, भाजपा नेता व कार्यकर्ता व अन्य मौजूद रहे।

# योग से जुड़े रहेंगे तो जीवन और परिवार दोनों खिलते रहेंगे

- योग शिविर के चौथे दिन अनुलोम-विलोम प्राणायाम, यज्ञ, भजन एवं योग-संस्कारों पर हुआ विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति, हिसार के तत्वावधान में ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 15 दिवसीय असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के चौथे दिन साधकों में स्वास्थ्य, योग एवं संस्कारों के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ उन परिवारो के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया जिनके बच्चों ने योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार एवं समाज का नाम गौरवान्वित किया है। योगाचार्य एवं भारत स्वाभिमान न्यास के प्रभारी डॉ. मुकेश ने साधकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायामों का अभ्यास करवाया, जबकि वीरेन्द्र बड़ाला प्रभारी पतंजति योग समिति ने सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में विशेष रूप से अनुलोम-विलोम प्राणायाम के महत्व पर चर्चा की गई। विशिष्ट अतिथि रामकुमार आर्य ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति परमात्मा और योग से जुड़ा रहे तो उसका जीवन और परिवार सदैव पुष्पित एवं पल्लवित रहता है।


हिसार। अनुलोम-विलोम प्राणायाम एवं योगाभ्यास करते साधक। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे उपस्थित:** इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य, आकाशवाणी हिसार के सहायक निदेशक पवन कुमार, डॉ. राजन वर्मा, सुनील कक्कड़,सुरक्षा, रमेश कुमार, तारा देवी, बनी सिंह , जोगेन्द्र दलाल, यशस्वी, तेजस्वी, राजबीर बलहारा, नरेन्द्र , जी.सी. नारंग, डॉ. कलवंत जांगड़ा, चन्द्र सिंह, मदनलाल रहेजा तथा शिवलाल चौहान आदि मौजूद रहे।

### गो सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग आज हिसार दौरे पर

हिसार। हरियाणा गौ सेवा आयोग के माननीय चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग 11 जून को हिसार जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न गौशालाओं एवं गौ अभयारण्यों का निरीक्षण कर गोवंश के संरक्षण, प्रबंधन एवं कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चेयरमैन दोपहर 2 बजे गांव हिन्दवान में स्थानीय गौ उद्यमियों द्वारा स्थापित किए गए गौ फार्म पर हाल ही में आए तूफान के कारण हुए नुकसान तथा घायल गोवंश की स्थिति का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 3:30 बजे भीमा शंकर नंदीशाला एवं महर्षि दयानंद गौशाला पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे तथा गौशाला प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। इसी प्रकार चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग सायं 4:30 बजे गो अभयारण्य ढंढूर पहुंचेंगे, जहां वे अभयारण्य का निरीक्षण करेंगे।

# इक मेरी अख काशनी...

- वानप्रस्थ में लोकगीतों से महफिल ने बांधा समा


हिसार। लोकगीत महफिल के दौरान सभागार में उपस्थित सीनियर सिटीजन्स।

हिसार। वानप्रस्थ सीनियर सिटीजन क्लब में हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी एवं उत्तर प्रदेश के लोकगीतों की महफ़िल का आयोजन किया गया। क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डॉग ने कहा कि लोकगीत हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक मूल्यों के जीवंत दस्तावेज हैं। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन डॉ. दवीना अमर ठकराल ने किया। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश कुकरेजा ने इक मेरी अख काशनी, डॉ. पुष्पा खरब ने एक चिड़ी के दो बच्चे थे, विजय लक्ष्मी ने म्हारी हथेलिया के बीच छाला पड़ेगा, डॉ. दवीना अमर ठकराल ने बत्ती बाल के बनेरे उत्ते रखणी आँ तथा आदेश मलिक ने टप-टप पड़े पसीना प्रस्तुत किया। डॉ. सुनीता सुनेजा ने माथे ते चमकण वाल, योगेश सुनेजा ने पेके जान वालिए, डॉ. आर. डी. शर्मा ने बल्ले नी पंजाब दीए शेर बच्चिए तथा डॉ. इंदु गहलावत ने इक बीस बरस की छोरी प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। डॉ. अजीत कुंडू ने हरियाणवी रागनियों एवं नशामुक्ति पर रागनी प्रस्तुत कर खतालियां बटोरीं।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब कारोबारियों पर स्वाट टीम का शिकंजा

**हिसार।** पुलिस की स्वाट कमांडो टीम-1 एवं डॉग स्कवायड टीम द्वारा की ओर से उकलाना क्षेत्र के गांव किनाला में सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आरोपी चांदी राम के घर पर तलाशी ली गई, जहां से 48 बोतल अवैध देशी ठेका शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ उकलाना थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### लड़ाई-झगड़े के मामले में फरार आरोपी पकड़ा

**हांसी।** जिला पुलिस के उद्घोषित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर हांसी पुलिस ने लड़ाई-झगड़े के मामले में फरार चल रहे एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बोगाराम कॉलोनी निवासी आरोपी कमल उर्फ नेपाली लड़ाई-झगड़े के एक मामले में लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। बार-बार अवसर देने के बावजूद हाजिर न होने पर न्यायालय ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। न्यायालय के आदेश पर थाना शहर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 209 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे काबू कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए।

### चोरी के मामले में आरोपी को रिमांड पर लिया

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने घर में चोरी के एक मामले में नामजद आरोपी को प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार आदमपुर थाना में पिछले साल 26 सितंबर को चुली कलां निवासी नाथूराम की शिकायत पर उसके घर से सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी होने संबंधी शिकायत दर्ज की गई थी। मामले की जांच के दौरान आरोपी पंजाब के पटियाला जिले के समाना निवासी गोविंदा की संलिप्तता सामने आने पर उसे मामले में नामजद किया गया। आरोपी अन्य प्रकरण में न्यायिक हिरासत में बंद होने के कारण न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त किए गए। पुलिस ने आरोपी गोविंदा को प्रोडक्शन वारंट के तहत न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### स्वदेशी जागरण मंच 15 से शुरू करेगा ब्यूटीशियन कोर्स

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 30 दिवसीय प्रोफेशनल ब्यूटीशियन कोर्स का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी हिसार जिला सह संयोजिका ऋचा जांगड़ा व युवा प्रमुख सोनिया श्योदान यह प्रशिक्षण 15 जून से 14 जुलाई तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित होगा। कोर्स के अंतर्गत प्रतिभागियों को फेशियल एवं क्लीनअप, हेयर स्टाइल, ब्लीच एवं वैक्सिंग, थ्रेड प्रैक्टिस, बेसिक मेकअप, साड़ी ड्रेपिंग व लहंगा दुपट्टा सेटिंग सहित अन्य व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विशेष रूप से मेहंदी कोर्स निःशुल्क रहेगा तथा प्रत्येक केंद्र पर केवल 15 सीटें उपलब्ध होंगी।

---

### जिले में कानून का राज कायम करने को पुलिस अफसरों की बैठक

# साइबर अपराध से लोगों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बैठक को संबोधित करते आईजी कुलदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

- ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव को करें जागरूक

हिसार रेंज के आईजी कुलदीप सिंह ने पुलिस अधीक्षकों व अन्य अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं वे साइबर व सामान्य अपराधों बारे त्वरित व कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार व अपराध पर रोकथाम पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। आईजी कुलदीप सिंह बुधवार को अपराध गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे। इसमें पुलिस अधीक्षक, डीएसपी, सभी इकाइयों के प्रभारी, प्रभारी साइबर थाना तथा प्रभारी साइबर सैल उपस्थित रहे। गोष्ठी का उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ती हुई अपराध प्रवृत्तियों, विशेषकर साइबर अपराधों पर नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई एवं जनहित सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। आईजी ने सभी इकाई प्रभारियों को अपराध की त्वरित जांच व प्रभावी निवारक कदम उठाने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों के मामलों में विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए साइबर सैल व थानों के बीच समन्वय और सूचना आदान-प्रदान को और सुदृढ़ की जाए, डिजिटल साक्ष्य संग्रहण, साइबर फोरेंसिक प्रक्रियाओं और तीव्रता से थानागत फॉलो-अप सुनिश्चित किए जाएं, राजकीय, निजी संस्थानों, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं के साथ संयुक्त परिरक्षण व जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जाए, नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग एवं पहचान चोरी के प्रति सावधान करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाए। आईजी ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक दायित्व नागरिकों की जीवन संपत्ति की सुरक्षा है। तकनीक आधारित अपराधों के बढ़ते खतरे के मद्देनजर हर इकाई को सजग रहकर जनता का भरोसा जीतना प्राथमिकता में होना जरूरी।

### बिना रजिस्ट्रेशन व बिना नंबर प्लेट चलने वाले ई-रिक्शाओं पर होगी कार्रवाई

**हिसार।** पुलिस ने जिले में बिना रजिस्ट्रेशन, बिना नंबर प्लेट तथा नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर चलने वाली ई-रिक्शाओं के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान न केवल ई-रिक्शाओं के दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी, बल्कि चालकों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा। पुलिस का उद्देश्य ऐसे असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों की पहचान करना है, जो ई-रिक्शा की आड़ में अपराधों को अंजाम देने का प्रयास करते हैं या कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं।अभियान का नेतृत्व एएसपी मयंक मुदगिल कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि सड़क पर चलने वाला प्रत्येक वाहन कानून के दायरे में होना चाहिए। बिना रजिस्ट्रेशन और बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना कानून का उल्लंघन है। ऐसे वाहनों के खिलाफ नियमानुसार चालान, जब्ती तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एएसपी मयंक मुदगिल ने कहा कि अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस अब केवल अपराध होने का इंतजार नहीं करेगी, बल्कि संभावित खतरों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई करेगी। ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन और आपराधिक रिकॉर्ड की जांच इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिन व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास पाया जाएगा या जो संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बीड़ बबरान धाम में श्री श्याम अखंड ज्योति की तैयारियां शुरू

## महंत 11 दिनों तक अपनी हथेली पर जगाएंगे ज्योत



हिसार : बीड़ बबरान धाम का दृश्य।

**हिसार।** महाभारत के साक्ष्यों को संजोने वाले प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 11 दिवसीय श्री श्याम अखंड ज्योति अनुष्ठान की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

15 जून से 25 जून तक चलने वाले इस अनुष्ठान में बीड़ बबरान धाम के महंत महाराज विनोद शर्मा लगातार अपने हाथ पर बाबा की ज्योति जागृत करेंगे। हर रोज दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ किया जाएगा। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि 15 जून को पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान शुरू होगा। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। इस आलौकिक ज्योति के दर्शन करने व अखंड ज्योति पाठ में हिस्सा लेने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु धाम पर पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की आस्था देखते हुए जनकल्याण के निमित और भक्तों के कष्टों के निवारण के लिए महंत महाराज विनोद शर्मा अपनी हथेली पर 11 दिनों तक निरंतर ज्योत जगाएंगे। इस ज्योत के दर्शन श्रद्धालु किसी भी समय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे विधि-विधान से श्याम बाबा की आराधना करते हुए प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ किया जाएगा। रामकुमार जांगड़ा प्रतिदिन पाठ करेंगे। 25 जून को रात्रि 8 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन होगा। विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार में भक्त अपनी हाजिरी अवश्य लगाते हैं।

---

## मोबाइल हैक कर खाते से 80 हजार उड़ाने वाला दबोचा

- तकनीकी जांच से मिली सफलता, ठगी गई रकम में से 11 हजार रुपये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी




साइबर अपराध थाना की टीम ने मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 80 हजार रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ठगी गई राशि में से 11 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस साइबर ठगी में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं।

मामले की जानकारी देते हुए मुख्य सिपाही प्रमोद कुमार ने बताया कि थाना सदर क्षेत्र निवासी विकास ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी माता के बैंक खाते से 80 हजार रुपये धोखाधड़ीपूर्वक निकाल लिए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार 3 जून 2026 को उसका मोबाइल फोन अचानक बंद हो गया और स्क्रीन पर मोबाइल अपडेट होने का संदेश दिखाई देने लगा। कुछ समय बाद जब उसने बैंक खाते की जांच की तो पता चला कि उसके खाते से 80 हजार रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित को न तो कोई संदिग्ध कॉल आई, न ही कोई ओटीपी प्राप्त हुआ और न ही उसने किसी लिंक पर क्लिक किया था। इसके बावजूद उसके खाते से रकम निकाल ली गई। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

### शोध कार्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का करते हैं कार्य

## लोक साहित्य किसी भी समाज की सांस्कृतिक स्मृति और ऐतिहासिक अनुभवों का जीवंत दस्तावेज : कुलपति

- शोधार्थी नविता ने पं. लखमीचंद और पं. जगन्नाथ के लोक साहित्य में सांस्कृतिक चेतना एक तुलनात्मक अध्ययन किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। शोधार्थी नविता को बधाई देते विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार तथा विभाग की प्रभारी डॉ. गीतू। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज हुई, जब विभाग की शोधार्थी नविता ने अपना पीएचडी शोध-प्रबंध विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया। उनका शोध विषय 'पं. लखमीचंद और पं. जगन्नाथ के लोक साहित्य में सांस्कृतिक चेतनाः एक तुलनात्मक अध्ययन' है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शोधार्थी नविता की इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा कहा कि लोक साहित्य और संस्कृति पर शोध करना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि लोक साहित्य किसी भी समाज की सांस्कृतिक स्मृति, ऐतिहासिक अनुभवों और जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज होता है।

यह शोध कार्य हिंदी विभाग की सहायक आचार्य एवं शोध निर्देशक डॉ. शर्मिला के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एनके बिश्नोई, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार तथा विभाग की प्रभारी डॉ. गीतू ने भी शोधार्थी नविता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार ने बताया कि यह शोध हरियाणवी लोक साहित्य, लोक संस्कृति, सांस्कृतिक चेतना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री के रूप में स्थापित होगा।

### साहित्य का महत्व बताया

विभाग की प्रभारी डॉ. गीतू ने कहा कि लोक साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में किया गया यह शोध कार्य न केवल अकादमिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में भी सार्थक योगदान देगा। प्रस्तुत शोध-प्रबंध में हरियाणा के दो महान लोक साहित्यकारों पंडित लखमीचंद तथा पंडित जगन्नाथ के साहित्य में निहित सांस्कृतिक चेतना का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोधार्थी नविता ने अपने अध्ययन में यह प्रतिपादित किया है कि लोक साहित्य किसी भी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता, जीवन-दृष्टि और सामूहिक चेतना का सशक्त माध्यम होता है। यह जनमानस की भावनाओं, विश्वासों, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को संरक्षित एवं अभिव्यक्त करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

### नारनौंद में 12 को लगेगा लोक कल्याण मेला

**नारनौंद।** सरकार की तरफ से नगर पालिका नारनौंद में लोक कल्याण मेले का आयोजन 12 जून को बाणियों वाली धर्मशाला वार्ड नंबर 10 में किया जाएगा। इसमें ज़्यादा से ज्यादा सख्या में लाभार्थी मेले में पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाए। वार्ड चार की पार्षद एवं वाइस चेयरमैन प्रिया एवं पार्षद टेकराम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वनिधि महोत्सव लोक कल्याण मेले एंव स्वनिधि कैप में वार्ड चार से वार्ड 10 तक के लाभार्थी इस मेले में पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसमें नया आवेदन एवं पंजीकरण, ऋण स्वीकृति एवं वितरण, पीएम स्वानिधि मोबाइल एप सहायता, क्रेडिट कार्ड एंड बैंकिंग सेवाएं सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। सरकार महिलाओं आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार अनेक प्रकार की योजनाएं लागू कर रही हैं।

---



हांसी। छात्राओं को जल संरक्षण के बारे में जानकारी देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### जल संरक्षण के साथ सामाजिक समरसता का संदेश

**हांसी।** जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा समाज में समानता और समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक्सईएन कार्यालय परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय जल के स्रोत अनेक हो सकते हैं, परंतु जल एक ही होता है रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि जल प्रकृति का अनमोल उपहार है और पृथ्वी पर जीवन का आधार है। आज बढ़ती जनसंख्या, जल की बढ़ती मांग तथा लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। विद्यार्थियों ने सामाजिक समानता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण तथा दैनिक जीवन में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग से संबंधित एक विशेष डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी, म्यूनिसिपल इंजीनियर जयवीर सिंह, अध्यापिका रजनी वर्मा, श्री काली देवी विद्या मंदिर की छात्राएं मैना, तीस्ता, निकिता और अनीता आदि उपस्थित रही।

### गुजवि के दस विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में मिली नौकरी

- ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से पिछले सप्ताह में आयोजित ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के दस विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है। चयनित विद्यार्थियों को कंसल्टिंग, मैन्युफैक्चरिंग, ऑयल एंड गैस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और ट्रेडिंग जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में अवसर मिले हैं। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की वंशिका व एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की ईशा सैनी का स्टेलारिक्स कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के जतिन कुमार व विशाल वशिष्ठ का मोहन ट्रैक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं मोहन अर्थमूवर्स एलएलपी में, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के सूरज का इंडियन ऑयल-अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड (आईओएजीपीएल) में, बीटेक इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के तरुण कुमार टेक्नोज कंपनी में, एमबीए जनरल के सौरभ व अमित तथा एमबीए मार्केटिंग की तानिया व युक्ता का ट्रेड इंडिया में चयन हुआ है।

### एसी का तापमान 24 डिग्री से. रखने से की जा सकती है ऊर्जा की बचत

## ऊर्जा संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं उपभोक्ता : विक्रम सिंह

बिजली बचत से कम होगा बिजली बिल, पर्यावरण भी रहेगा सुरक्षित : विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



विक्रम सिंह, प्रबंध निदेशक

बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) एवं उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने उपभोक्ताओं से ऊर्जा संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बिजली वितरण निगमों द्वारा जारी जागरूकता संदेश में उपभोक्ताओं को ऊर्जा दक्ष एलईडी बल्बों के उपयोग, अनावश्यक रूप से चल रहे विद्युत उपकरणों को बंद रखने तथा उपयोग में न होने पर चार्जर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग निकालने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही ऊर्जा दक्ष उपकरणों को प्राथमिकता देने, भवनों की छत एवं दीवारों का उचित इन्सुलेशन कराने तथा सौर ऊर्जा को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एयर कंडीशनर (एसी) का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रखने से ऊर्जा की बचत की जा सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार एसी का तापमान प्रत्येक एक डिग्री बढ़ाने पर लगभग 6 प्रतिशत तक बिजली की बचत संभव है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को 5 स्टार रेटिंग वाले ऊर्जा दक्ष एसी एवं अन्य विद्युत उपकरणों के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया है।

---

### राजथल में लटक रहे बिजली के जर्जर तार



**नारनौंद।** गांव राजथल में इन दिनों बिजली के तार गलियों के बीच में लटक रहे हैं। इन तारों की वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है, जबकि इसे लेकर बिजली निगम अंजान बना हुआ है। गलियों से गुजरने वाले राहगीर कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। बाहर से आने राहगीरों के वाहन काफी बार हादसे से बाल बाल बच चुके हैं। ग्रामीण काफी बार बिजली निगम के अधिकारियों से इसकी शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन आज भी बिजली की तारें गलियों में ही लटकी हुई हादसे का इंतजार कर रही हैं। गांव की मुख्य गली होने के कारण सारा दिन ग्रामीण व अन्य बाहर से आने वाले राहगीर इनके नीचे से गुजरने पर मजबूर हैं। ग्रामीणों से मांग की है कि जल्द से जल्द इन कॉन्डम तारों को बदलकर बिजली के खंभों पर ऊपर लटकाया जाए ताकि गांव में किसी प्रकार का कोई हादसा न हो सके।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### बस स्टैंड बना तालाब, बारिश ने खोली जल निकासी की पोल

# 24 घंटे बाद भी नहीं निकला बरसाती पानी

बसों से आने-जाने वाले यात्रियों को हुई भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। बस स्टैंड में भरे पानी के बीच से गुजरते यात्री। फोटो : हरिभूमि

शहर में मंगलवार शाम को हुई बारिश के बाद जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आई। बारिश थमने के 24 घंटे बाद भी शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी रही, जबकि हांसी बस स्टैंड परिसर तालाब में तब्दील हो गया। बसों से आने-जाने वाले यात्रियों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा और दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दैनिक यात्रियों ने इसे नगर परिषद और संबंधित विभागों की लापरवाही का परिणाम बताया। बस स्टैंड परिसर में जमा बारिश का पानी और सीवर ओवरफ्लो होने से हालात और भी खराब हो गए। यात्रियों को बसों तक पहुंचने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई स्थानों पर पानी इतना अधिक था कि लोगों को अपने कपड़े और सामान बचाने में मशक्कत करनी पड़ी। वहीं बस स्टैंड परिसर में जलभराव के चलते बस चालकों को बस स्टैंड के बाहर सड़क पर बसें खड़ी कर यात्रियों को बैठाना पड़ा जिसके चलते दिन भर सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं लोगों का कहना था कि हांसी बस स्टैंड की हर बरसात के बाद यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

### शहर की कई कॉलोनियों व बाजारों में भी जलभराव

जलभराव का असर केवल बस स्टैंड तक सीमित नहीं रहा। बल्कि शहर की कई कॉलोनियों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर भी पानी और कीचड़ जमा रहा, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। वहीं दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाए और बस स्टैंड सहित जलभराव वाले क्षेत्रों में पंप लगाकर पानी निकाला जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आगामी बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।



हिसार। बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

### एसआईआर अभियान को गंभीरता से लेकर हर मतदाता का सत्यापन करें : बृजलाल

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि आने वाले समय में जिले के प्रत्येक गांव में कांग्रेस की गांव-वार यात्राएं निकाली जाएंगी, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत किया जा सके तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व बरवाला प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह गंगवा, पूर्व प्रत्याशी नलवा अनिल मान, पीपीसी सदस्य दिलबाग ढांडा, नरेश मलिक, अनूप सिंह सरसाना, सुखबीर नागर, रणधीर सिंह बामल, विक्टर डेविड, दयापाल भड़िया, गीता आहूजा, सुरेश पंघाल लाडवा, नवीन किरमारा, राजेश श्योकंद, कपिल श्योराण, बलराज सिंह मलिक, डॉ. भूप सिंह घोडेला, मास्टर देश राज प्रजापति आदि मौजूद रहे।